

# श्राद्ध-तर्पण से पितरों की विदाई, अब मां के आगमन की तैयारी

## शारदेय नवरात्रि को लेकर शहर सहित जिले भर में सज गए पण्डाल








नवभारत न्यूज

**सतना 21 सितंबर. अश्विन कृष्णपक्ष रविवार को पितृ पक्ष की अमावस्या होने के कारण श्राद्ध और तर्पण करते हुए पितरों को विदाई दे दी गई. पतिरों को विदा करने के साथ ही मां शक्ति की उपासना का पर्व शारदेय नवरात्र की तैयारियां चरम पर पहुंचने लगी.**

एक ओर जहां शहर सहित जिले भर में माता के पण्डाल सज गए वहीं दूसरी ओर पूजन सामग्री, फल-फूल और फलाहार की खरीददारी आरंभ हो गई. महालया के दिन पितृ धरती से विदा होते हैं. जिसे देखते हुए श्राद्ध और तर्पण करते हुए पितरों को विदाई दी गई. वहीं महालया से मां शक्ति के आगमन का संकेत मिलते ही शारदेय नवरात्रि की तैयारियां जोर-शोर से आरंभ हो गईं. हलांकि माता के आगमन से सप्ताह भर पहले से ही शहर सहित जिले भर में दुर्गा पण्डालों की स्थापना किए जाने का क्रम आरंभ हो गया था. जिसके लिए बांस-बल्ली, पटरे सहित लोहे के पाइप लगाने का काम शुरु हो गया था. लेकिन रविवार को पण्डालों की साज-सज्जा अपने अंतिम चरण में नजर आने लगी. इसके साथ ही पण्डालों के आस पास रंग बिरंगी प्रकाश व्यवस्था ने रौनक बढ़ानी शुरु कर दी. पूजा पण्डालों के साथ ही तोरणद्वार को सजाने का काम भी लगभग पूरा होता नजर आया. देवी मकंडप से लेकर सड़कों तक का क्षेत्र रंग बिरंगी और दूधिया रोशनी से जगमगाता दिखाई देने लगा. इसी कड़ी में शहर में लगभग आधा सैकड़ा स्थानों पर मूर्तिकारों द्वारा मां की प्रतिमा को सोमवार तक तैयार करने के लिए पूरी ताकत लगा दी गई है. पूर्व से मिले आर्डर को समय पर पूरा करने के लिए अधिकांश मूर्तिकारों द्वारा बंगाल से अतिरिक्त कारीगरों को बुलाया गया है. मूर्तिकारों के अनुसार सोमवार को अधिकांश प्रतिमाओं को आयोजन समितियों को सौंप दिया जाएगा. जिसके बाद उन प्रतिमाओं को तैयार किया जाएगा जिनकी स्थापना पंचमी पर होगी. शारदेय नवरात्र को लेकर दुर्गा पूजा आयोजन समितियों के उत्साह का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि रविवार शाम से ही माता के जयकारों और ढोल नगाड़ों के साथ प्रतिमाओं को अपने-अपने पण्डाल तक ले जाने का क्रम आरंभ हो गया.

### इस बार 10 दिन की होगी नवरात्रि

मां शक्ति को समर्पित शारदेय नवरात्र का पर्व सोमवार मां शैलपुत्री की अराधना के साथ आरंभ हो जाएगा. इस बार माता हाथी पर सवार होकर आ रही हैं. हलांकि नवरात्र की चतुर्थी तिथि 25 सितंबर को पड़ेगी. लेकिन चतुर्थी तिथि की वृद्धि होने के कारण उदयाकालिक चतुर्थी तिथि 26 सितंबर को भी प्राप्त हो रही है. वहीं 1 अक्टूबर को नवमीं और 2 अक्टूबर को दशमी तिथि होगी. यह संयोग 9 वर्ष के बाद आया है. इससे पहले वर्ष 2016 में नवरात्रि 10 दिन की थी. देवी पुराण में हाथी को ज्ञान और समृद्धि का कारक मना गया है.

# नई बस्ती में नाली का घटिया निर्माण कार्य देख आक्रोशित हुए महापौर

## इंजीनियर और संविदाकार को लगाई फटकार, दोबारा कार्य करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सतना 21 सितंबर. शहर में जारी निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण करने पहुंचे महापौर उस वक्त आश्चर्य चकित रह गए जब उनके पैर की एक ठोकर से ही नाली की दिवार भरभराकर गिर गई.**

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए महापौर ने न सिर्फ इंजीनियर और संविदाकार को जमकर फटकार लगाई. बल्कि घटिया निर्माण गिराकर कार्य को दोबारा शुरु करने के निर्देश दिए.

महापौर नगर निगम सतना योगेश ताम्रकार रविवार को शहर में जारी निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण करने के लिए निकले. इस दौरान वे शहर के वार्ड क्रमांक 14 हनुमान नगर नई बस्ती क्षेत्र में पहुंच गए. जहां पर 48 लाख रु की लागत से नाली का निर्माण हो रहा था. महापौर ने मौके पर पहुंचकर नाली निर्माण कार्य की जांच शुरु की. इस दौरान गुणवत्ता परखने के लिए महापौर ने जैसे ही अपने पैर से ठोकर मारी वैसे ही नाली की दीवार भरभराकर गिर गई. बारीकी से जांच करने पर पाया गया कि नाली के लिए बेस का निर्माण नहीं किया गया था. वहीं नाली की दीवरों को भी डस्ट लगाकर भर दिया गया था.



जबकि ऊपर से पटिया लगाकर निर्माण पूरा दिखाया जा रहा था. यह देखते ही महापौर आक्रोशित हो गए. उन्होंने फौरन ही नगर निगम के अभियंता हेमराज सिंह को फोन लगाकर जमकर फटकार लगाई. इसके बाद महापौर ने संबंधित संविदाकार प्रशांत शुक्ला को भी फटकारा. इसी कड़ी में महापौर ने निर्देश दिए कि अब तक किऐ जा चुके निर्माण कार्य को गिराकर दोबारा कार्य शुरु कराया जाए. दरअसल वहां पर चल रहे घटिया निर्माण कार्य की शिकायत स्थानीय रहवासियों द्वारा की गई थी. जिसके चलते महापौर के निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद तिलकराज सोनी सहित स्थानीय लोग भी मौजूद रहे.

### काश...हर जगह होती जांच

नगर निगम और सतना स्मार्ट सिटी द्वारा भले ही करोंड़ों रुपए के विकास कार्य शहर भर में कराए जा रहे हों. लेकिन नगर निगम के कुछ इंजीनियर और संविदाकारों के गठजोड़ के चलते हो रहे घटिया निर्माण कार्य सारे किए कराए पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं. इनमें से कई निर्माण कार्यों के गुणवत्ताविहीन होने के गंभीर आरोप कई बार सामने भी आ चुके हैं. लेकिन नगर निगम के कुछ काबिल इंजीनियर अपने वातानुकूलित कार्यालय से बाहर निकलकर स्थल निरीक्षण करने की जहमत ही नहीं उठाते हैं. कार्य पूरा हुआ या नहीं, कार्य की गुणवत्ता है या नहीं, मानकों का पालन हुआ या नहीं, इस तरह के मसलों का निबटारा और बिलों को पास करने काम चेंबर में बैठे-बैठे ही हो जाता है.



# मैहर में नवरात्रि मेले की तैयारियाँ पूरी

▸ चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन ने संभाली कमान

नवभारत न्यूज

**सतना 21 सितम्बर। नवरात्रि पर्व को लेकर मैहर में पुलिस और प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। कलेक्टर रानी बाटड एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने मंदिर क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।**

अधिकारियों ने बताया कि मेला क्षेत्र और आसपास के सभी प्रमुख स्थानों पर चाक-चौबंद सुरक्षा की गई है। पुलिस बल द्वारा मेले में पैदल गश्त के साथ-साथ पहाड़ी क्षेत्रों में मोटरसाइकिल से पेट्रोलिंग की जाएगी। इसके अलावा मंदिर के ऊपरी और निचले हिस्से में ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। मेला क्षेत्र में सबसे अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सुरक्षा के लिए एडिशनल एसपी, 6 डीएसपी, इंस्पेक्टर, उपनिरीक्षक एवं लगभग 600 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। मेले की लगातार निगरानी पुलिस अधीक्षक अवधेश सिंह करेंगे, जबकि मेला इंचार्ज एडिशनल एसपी डॉ. चंचल नगर को बनाया गया है।

# देवी के नौ स्वरूपों को समर्पित "शक्ति पर्व" आज

## मां शारदा देवी मंदिर प्रांगण में लोकगायन और नृत्य नाटिका की होंगी प्रस्तुतियाँ

नवभारत न्यूज

**सतना 21 सितंबर, संस्कृति विभाग म.प्र. शासन द्वारा शारदेय नवरात्रि के पावन अवसर पर 卐शक्ति पर्व卐 का आयोजन 22 सितंबर 2025 को सायं 6.30 बजे से मां शारदा देवी मंदिर मैहर के प्रांगण में किया जाएगा।**

इस प्रदेश स्तरीय महोत्सव में लोक-भक्ति गायन और आदि शक्ति को समर्पित नृत्य नाटिका के माध्यम से



देवी के वैभव और महिमा को विभिन्न कला रूपों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। मां शारदा देवी की भक्ति में डूबे कलारसिकों के मध्य भोपाल के अनुराग त्रिपाठी लोकगायन की प्रस्तुति देकर सभा का आगाज करेंगे। इसके पश्चात जबलपुर की शैली धोपे एवं साथी नृत्य नाटिका "शक्तितत्वम्" के माध्यम से माता के शक्ति स्वरूप और धर्म की स्थापना की कथा को मंच पर जीवंत करेंगी। इस सुमधुर शाम का समापन जबलपुर के दीनभगत एवं अखिलेश राजा भक्ति गायन की प्रस्तुति देकर करेंगे।

# सेवा पखवाडा के तहत रंगोली व चित्रकला प्रति. का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना 21 सितंबर, राज्य शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में सेवा पखवाडा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत रविवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उचेहरा में छात्राओं ने रंगोली तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

इसी प्रकार अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र नागौद की शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल



रहिकवारा, पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सितपुरा तथा संदीपनी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नागौद में प्रोजेक्ट बेस्ट लर्निंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका तथा बडी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

# अमर ज्योति परिवार ने नेत्रदाता परिजन सम्मान समारोह आयोजित किया

नवभारत न्यूज

**सतना 21 सितंबर, अमर ज्योति परिवार द्वारा 10वां नेत्रदाता परिजन सम्मान समारोह ओम रिसॉर्ट में भव्य रूप से आयोजित किया गया।**

समारोह के मुख्य अतिथि कैप्टन सोहिल हांडा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ व्यंकटेश अग्रवाल वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ, डॉ. बी.के. जैन श्रीमती ऊषा जैन तथा महापौर योगेश ताम्रकार मंचासीन रहे। समारोह का शुभारंभ प्रथम पूज्य भगवान गणेश की पूजा-




अर्चना से हुआ। इसके उपरांत नेत्रदान करने वाले परिजनों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। अब तक अमर ज्योति परिवार के माध्यम से 3 देहदान मेडिकल कालेज को सौंपी गई 59 देहदान संकल्प पत्र भरे गए।और 856 नेत्रदान संपन्न कराए जा चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान नेत्र प्राप्त कर चुके व्यक्तियों ने अपने अनुभव साझा किए, जिनकी भावुक गवाही ने उपस्थित जनों को गहराई से प्रभावित किया। नेत्रदान जागरूकता एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी प्रदर्शित हुई। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने नेत्रदान और देहदान का संकल्प पत्र भरकर समाज में नई प्रेरणा दी।

**संस्थाओं और देहदानियों का सम्मान**-अमर ज्योति परिवार द्वारा नेत्रदान जागरूकता में सहयोग देने वाली संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने कार्यशालाओं के माध्यम से समाज में जागृति फैलाने का काम किया। इसके साथ ही 3 देहदान मेडिकल कॉलेज को सौंपी जा चुकी है और 59 देहदानियों का भी विशेष सम्मान किया गया।



# विहि महासंघ के जिले के अध्यक्ष योगेश महामंत्री सिद्धार्थ बने

नवभारत न्यूज

**सतना 21 सितंबर,विश्वहिंदू महासंघ एक गैर राजनैतिक संगठन है जिसकी आज मासिक बैठक का आयोजन एक निजी विद्यालय में हुआ जिसमें प्रदेश सहित ब्लाक कार्यकर्ता उपस्थित रहे.**

कार्यक्रम में चर्चा के दौरान प्रदेश अध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल ने समाजसेवी योगेश शर्मा को सतना जिले का अध्यक्ष बनाने को लेकर विचार रखा जिस पर प्रदेश प्रवक्ता प्रणय धारा धर प्रदेश महामंत्री मिथलेश सिंह एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा चतुर्वेदी ने सहमति प्रदान की और सर्वसम्मति से योगेश शर्मा को जिलाध्यक्ष एवं योगेश शर्मा की सहमति पर लिटिल फ्लावर स्कूल के संचालक सिद्धार्थ पाण्डेय जी को सतना जिले का महामंत्री बनाया गया । विश्वहिंदू महासंघ के उद्देश्यों में मुख्यरूप से संस्कार केंद्र एवं बाल संस्कार शालाओं की स्थापन, धार्मिक एवं सामाजिक जागरण अभियानों का संचालन, सेवा संकल्पों द्वारा गरीब पीड़ति एवं पिछड़े वर्गों की सहायता, गौ रक्षा, धर्मांतरण विरोध, लवजिहाद जैसे मुद्दों पर जनजागरूकता, साधुओं, महिलाओं एवं युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने जैसे उद्देश्यों को साथ लेकर चलना है विश्वहिंदू महासंघ एक संगठन नहीं बल्कि एक आंदोलन है भारत की आत्मा को जागृत करने का, हमारा हर कदम राष्ट्र निर्माण की ओर अग्रसर है।



# महाराजा अग्रसेन की जयंती 21लोगों ने किया रक्तदान

नवभारत न्यूज

**सतना 21 सितंबर, महाराज अग्रसेन जयंती पर मारवाड़ी सेवा संघ के नेतृत्व एवं समाजसेवी संस्था सिन्धु विकास समिति की उपस्थिति में मारवाड़ी युवा मंच द्वारा 21 सितंबर रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।**

रक्तदान शिविर की शुरुआत परिसर में स्थापित महाराज अग्रसेन जी के समक्ष चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ की गई की। रक्तदान शिविर में सर्वप्रथम राखी सफड़िया ने अपना खून देकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर मारवाड़ी सेवा संघ के अध्यक्ष मोतीलाल गोयल , हिंदू पर्व समन्वय समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं मारवाड़ी सेवा संघ के उपाध्यक्ष राम अवतार चमड़ियां कल्लू भैया, मन्त्री पवन चमड़िया, हिंदू समन्वय समिति के अध्यक्ष मणिकांत महेश्वरी, रक्तवीरों के प्रेरक विनोद गेलानी ,डॉ जय प्रकाश अग्रवाल, डॉ आलोक जैन, अनुज अग्रवाल डॉ पाखी कनोडिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष अंकुल अग्रवाल एवं मंत्री सौरभ बंसल ने संयुक्त रूप से बताया मानवता की सेवा के लिए इस अवसर पर मणिकांत महेश्वरी राखी साफाडिया श्रुति चमड़ियां संदीप चमड़ियां सात्विक अग्रवाल सीमा चमड़ियां अर्पित अग्रवाल श्वेता चमड़ियां अशोक चमड़ियां वरुण चमड़ियां दीपक खेमका सुदीप जैन दीपा सफदिया सौरभ चमड़िया शाश्वत अग्रवाल अंकुर खेमका विजय सफदिया सजल सफदिया सौरभ बंसल आशीष जैन ने रक्तदान कर इंसानियत का सच्चा धर्म निभाया।

# मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी की हुई बैठक

नवभारत न्यूज

**सतना 21 सितंबर, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला कार्यकारिणी की बैठक सर्किट हाउस सतना मे जिला अध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।**

जिसमें सर्वसम्मति से 6 अक्टूबर 2025 को स्थापना दिवस मनाने पर विचार हुआ एवं राज्य कर्मचारी संघ के कार्यालय के लिए स्थान पर भी चर्चा हुई एवं संगठन को तहसील एवं विकासखंड तक कैसे मजबूत किया जाए इस संबंध में भी चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं संरक्षक राजेंद्र उपाध्याय, कोषाध्यक्ष ऋषिकेश गुप्ता, वरिष्ठ पदाधिकारी श्रीमती उर्मिला मिश्रा, मजदूर संघ के विधि सलाहकार पद्मधर द्विवेदी, आदि उपस्थित रहे.

# एकेएस विवि में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता रैली एवं सफाई अभियान

नवभारत न्यूज

**सतना 21 सितंबर, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक आयोजित वृहत सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत 21 सितंबर 2025 को एकेएस विश्वविद्यालय, सतना में व्यापक स्वच्छता अभियान एवं स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया।**

यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना, विश्वविद्यालय छात्र दल, राष्ट्रीय छात्र दल एवं कृषि संकाय के संयुक्त तत्वावधान तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. महेंद्र कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस



अवसर पर राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), विश्वविद्यालय कैडेट कोर (यूसीसी) एवं कृषि रावे कार्यक्रम से जुड़े दो सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की। शुभारंभ अवसर पर डॉ. महेंद्र कुमार तिवारी ने महात्मा गांधी के स्वच्छता संदेश को जीवन में अपनाने पर बल दिया तथा युवाओं को नशामुक्त समाज निर्माण की प्रेरणा दी। उप अधिष्ठाता छात्र कल्याण श्री संतोष सोनी ने विद्यार्थियों को अधिकतम सहभागिता हेतु उत्साहित किया एवं सेवा पखवाड़े के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय परिसर, मां अन्नपूर्णा भोजनालय एवं शेरगंज ग्राम में सफाई अभियान चलाया तथा रैली निकालकर ग्रामवासियों को स्वच्छ भारत अभियान का संदेश दिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. दीपक मिश्रा (कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना), लेफ्टिनेंट डॉ. दशरथ पाटीदार (राष्ट्रीय कैडेट कोर अधिकारी), श्री अयोध्या पांडे (कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना), सुश्री गरिमा सिंह (कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना) एवं कप्तान श्रवण कुमार (प्रशिक्षण अधिकारी, विश्वविद्यालय कैडेट कोर) का सराहनीय योगदान रहा। अंत में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को अल्पाहार वितरित किया गया।

## एक नजर में



### रामलीला में धनुष यज्ञ के प्रसंग का मंचन

**सतना।** श्री बिहारी रामलीला समाज द्वारा आयोजित 129वें वर्ष का ऐतिहासिक रामलीला मंचन प्रतिदिन नए प्रसंगों के साथ दर्शकों को आकर्षित कर रहा है। कल के मंचन में अत्यंत रोचक एवं रोमांचक धनुष यज्ञ प्रसंग का सजीव चित्रण किया गया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं और दर्शकों को भक्ति और उत्साह से भर दिया। मंचन के अनुसार, भगवान श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण और गुरु विश्वामित्र के साथ जनकपुरी पधारते हैं और वहां राजा जनक के दरबार में सीता स्वयंवर देखने पहुँचते हैं। दरबार में विश्वभर के पराक्रमी राजा अपने-अपने बल और सामर्थ्य का प्रदर्शन करते हैं तथा शिव धनुष पर अपनी शक्ति आजमाते हैं, किंतु कोई भी उसे तनिक भी हिला नहीं पाता।

### युवा संवाद में युवाओं ने ली नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा

**सतना।** बजरंग दल द्वारा नशा मुक्त युवा पर युवा संवाद कार्यक्रम कृष्ण नगर सरस्वती स्कूल के सभा गार में आयोजित किया गया जिसमें मंच में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह उत्तम बनर्जी मुख्य वक्ता ,बजरंग दल प्रांत संयोजक यतेंद्र पाठक, रिटायर्ड सैन्य अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल विक्रम सिंह, पर्वतारोही रत्नेश पांडे और स्वामी मरघट नाथ आश्रम कोठी के महंत के साथ विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष विक्रम चौधरी मंच में उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री विपिन सिंह ने किया और मंचासीन अतिथियों को पेड़ बैठकर स्वागत किया गया ।



### डॉ. इकबाल के निधन पर जताया शोक

**सतना,** जदयू नेता और अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मशहूद अहमद शेरू व डा इरफान अहमद के पिता डा इकबाल अहमद के निधन पर आज उनके निवास पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि वो एक नेक इंसान के साथ साथ व्यवहार कुशल समाजसेवी थे जिनका निधन निश्चित ही सतना और हम सभी के लिए अपूर्तिनीय क्षति है मै उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करता हूं ईश्वर परिवार को दुख सहन करने की शक्ति दे।

### पितृमोक्ष अमावस्या पर बांटी खिचड़ी

**सतना,** पितृमोक्ष अमावस्या के पावन अवसर पर रविवार को अनुभूति फाउंडेशन द्वारा सेमरिया चौक में वृहद खिचड़ी प्रसाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पितरों की स्मृति में पुण्य अर्जित किया।

